आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 01.10.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का झारखंड के हजारीबाग से करेंगे शुभारंभ।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर पंद्रह नवंबर को प्रदेश के हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की।

3— अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सूरजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सियान सम्मान कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री हुए शामिल।

4— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को किया गिरफ्तार।

प्रधानमंत्री—जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनजातीय बहुल गांवों के समग्र विकास के लिए कल दो अक्टूबर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का झारखंड के हजारीबाग से शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के बलरामपुर—रामानुजगंज जिले के राजपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था विकासखंड राजपुर के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउंड बूढ़ा बगीचा में की गई है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री राजपुर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का शिलान्यास करने के अलावा जिले में एक सौ बयानवे करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

पीएम जन—मन मेगा इवेंट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर झारखंड के हजारीबाग में 'पीएम जन—मन मेगा इवेंट' में हितग्राहियों से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के कुटमा गांव की रहने वाली लखपति दीदी मनकुंवारी बाई को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की मनकुंवारी बाई से भी बातचीत करेंगे। मनकुंवारी बाई कल ही हजारीबाग के लिए रवाना हुईं। गौरतलब है कि मनकुंवारी बाई कृषि के साथ ही बत्तख पालन, तेंदूपत्ता, महुआ, चिरौंजी और साल बीज संग्रहण कर बिक्री का कार्य कर रही हैं। वे हर साल दो लाख सत्तर हजार रूपये की आमदनी अर्जित कर लखपति दीदी बन गई हैं।

मुख्यमंत्री—जनजातीय गौरव दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर पंद्रह नवंबर को प्रदेश के हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री आज रायपुर में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की।

ट्राइबल यूथ हॉस्टल—सीट वृद्धि

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने युवा उत्थान योजना के तहत नई दिल्ली स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में एक सौ पैंतीस सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को दिल्ली में

निःशुल्क यूपीएससी कोचिंग की सुविधा दी जाती है। युवाओं के रहने, खाने और पढ़ाई का खर्च भी राज्य सरकार ही उठाती है। पहले ट्राइबल यूथ हॉस्टल में पचास नये और पंद्रह रिपीटर बैच को कोचिंग की सुविधा मिल रही थी। अब इस योजना के तहत एक सौ पैंतीस सीटें बढ़ाए जाने के बाद दो सौ युवाओं को आवासीय सुविधा मिलेगी।

<u>मुख्यमंत्री–सियान सम्मान समारोह</u>

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सूरजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सियान सम्मान कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने, बिहारपुर गांव में सहकारी बैंक की शाखा खोलने, पहाड़ गांव को पर्यटन का दर्जा देने और सूरजपुर जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की व्यवस्था शुरू करने सहित कई घोषणाएं की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सूरजपुर जिले में एक सौ सतासी करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

<u>ग्राम सभा–बैठक</u>

कल दो अक्टूबर को ग्राम सभाओं की बैठक होगी। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने बैठक में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदे गए सड़कों के मरम्मत कार्य के मुद्दे को भी शामिल करने को कहा है। गौरतलब है कि राज्य के अधिकांश ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन और हर घर जल योजना का कार्य पूरा हो चुका है। पाइप लाइन बिछाने के बाद भी गड्ढों को नहीं भरा गया है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसकी शिकायत विभिन्न माध्यमों से मिलती रही है।

<u>मंत्रिमंडलीय उप समिति–बैठक</u>

प्रदेश में किसानों से आगामी खरीफ मौसम में इक्कीस क्विंटल प्रति एकड़ के मान से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। यह निर्णय खाद्य मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में हुई मंत्रि–मंडलीय उप समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में एक सौ साठ लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया। वहीं, बैठक में दीपावली और राज्योत्सव को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी पंद्रह नवम्बर से शुरू किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। वहीं, पारदर्शी और निर्बाध धान खरीदी के लिए इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन के उपयोग पर जोर दिया गया।

<u>माओवादी गिरफ्तार</u>

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, विस्फोटक और प्रतिबंधित माओवादी सामग्री बरामद की गई है। जिला पुलिस बल और डीआरजी की संयुक्त टीम ने
गश्त के दौरान इन माओवादियों को गंगालूर–जांगला से गिरफ्तार किया है।

<u>राष्ट्रीय पोषण माह</u>

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक से तीस सितंबर तक आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ को देशभर में तीसरा स्थान मिला है। पोषण माह के दौरान प्रदेशभर में एक करोड़ तैंतीस लाख से ज्यादा गतिविधियां आयोजित की गईं। वहीं, वजन त्यौहार के दौरान तेईस लाख बच्चों का वजन मापा गया। साथ ही पोषण भी–पढ़ाई भी अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में लोगों को पौष्टिक आहार और स्वस्थ्य जीवनशैली की जानकारी दी गई।

वहीं, केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत डॉक्टर राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आज समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला, रंगोली और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं, महिला और बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में लोगों को सुपोषण और पोषण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर जानकारी दी गई।

इससे पहले, कल रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और महाविद्यालय को पचास लाख रूपये अनुदान राशि देने की घोषणा की।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज रायपुर के जे.आर. दानी स्कूल में आयोजित स्वच्छता की पाठशाला–सह–सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। श्री साव ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने सफाईकर्मियों को किट भी बांटे।

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा कल रायपुर के रोहिणीपुरम सरोवर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान खेल और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद मंत्री सहित खिलाड़ियों, नेहरू युवा केन्द्र संगठन के वालेण्टियर्स, अधिकारियों–कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने साफ–सफाई की।

उधर, जगदलपुर के धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान  क्रीड़ा परिसर और कन्या पॉलिटेक्निक परिसर की साफ–सफाई की गई। वहीं छात्र–छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज रायपुर रेलमंडल में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से सुबह प्रभातफेरी भी निकाली गई।

वहीं, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर के उन्नत भारत अभियान क्लब ने कल शिवरीनारायण में स्वच्छता अभियान के तहत साफ–सफाई की।

नवरात्र/बस्तर दशहरा–निर्देश

शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रदेश के प्रमुख चिन्हांकित स्थलों पर चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक और मुख्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि नवरात्रि के दौरान पंचमी से लेकर दशहरा तक आम लोगों का आना–जाना बढ़ जाता है। ऐसे में भीड़–भाड़ वाले स्थानों का चिन्हांकन कर चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाए। साथ ही चिन्हांकित स्थलों में चिकित्सक और स्टाफ के साथ मेडिकल किट और एम्बुलेंस की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, बस्तर दशहरा पर्व के मद्देनजर सभी प्रमुख चिन्हांकित स्थलों पर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। पत्र में कहा गया है कि बस्तर दशहरा के रथयात्रा पर्व में एक चलित चिकित्सा इकाई का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

<u>सैन्य प्रदर्शनी</u>

रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में पांच और छह अक्टूबर को सैन्य–प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में भारतीय सेना के अधिकारी और छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा सब एरिया के कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम में सेना के शौर्य प्रदर्शन के साथ ही टी–नाइंटी भीष्म टैंक और आधुनिक हथियार तथा उपकरण भी प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस सैन्य–प्रदर्शनी में सैनिक पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयरडविल मोटरसाइकलिंग राइडिंग और घुड़सवारी का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह भी उपस्थित थे।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर जिले के सोनवाही स्थित मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज में लैम्प लाइटिंग कार्यक्रम में शामिल हुईं।

– रायपुर पुलिस के नारकोटिक्स सेल ने एक नाइजीरियन तस्कर समेत तीन युवकों को एक सौ चौबीस ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत बीस लाख रूपये से अधिक बताई गई है।

– वन विभाग ने बस्तर वनमंडल के करपावण्ड वन परिक्षेत्र से लगे ओडिशा सीमा पर वन्यप्राणी पेंगोलिन की तस्करी करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>